जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
Helpline No.:-(+91)-
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026
वेबसाइट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551–75

क्रमांकः प.(2249)/जरारासंविवि/सामान्य प्रशासन/26/

दिनांकः–    /    /2026

## निविदा सूचना

विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण परिसर की देखरेख एवं पुराने भवनों के मरम्मत कार्य तकमीने, नवीन कार्यों के तकमीने आदि कार्यों के लिए योग्य सहायक अभियन्ता (तकनीकि विशेषज्ञ) के रूप में नियत पारिश्रमिक पर रखे जाने हेतु आर.टी.पी.पी. नियम 2013 के नियम–17 के प्रावधानानुसार एकल स्त्रोत पद्धति के माध्यम से रखे जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है। **निम्नांकित अपेक्षित योग्यताऐं आवश्यक है :** –

1. किसी यू.जी.सी. मान्यता प्राप्त (राजकीय/अराजकीय) विश्वविद्यालय से इन्जिनियरिंग (सिविल/इलेक्ट्रिक) में उपाधि उत्तीर्ण होने के साथ ही किसी राजकीय समकक्ष पद से सेवानिवृत्त होना अनिवार्य है।
2. राजकीय/अराजकीय संस्था अथवा किसी यू.जी.सी. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में कार्य करने का कम से कम दस वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
3. कम्प्यूटर का जानकार होने के साथ–साथ संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी टंकण कार्य एवं यूनिकोड फोन्ट पर कार्य करने का उत्तम ज्ञान अपेक्षित है।
4. सहायक अभियन्ता के पद का कम से कम दस वर्ष का कार्यानुभव होना अनिवार्य है।
5. सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जारी बीएसआर दरों पर पुराने भवनों का मरम्मत कार्य एवं नवीन कार्य हेतु तकमीनें तैयार करने का अनुभव अनिवार्य है।

इस हेतु अपना प्रस्ताव निर्धारित अर्हताओं के साथ दिनांक 2 जून, 2026 सांय 05:00 बजे तक प्रेषित करें।

कुलसचिव
जरारासंविवि, जयपुर।

क्रमांकः प.(2249)/जरारासंविवि/सामान्य प्रशासन/26/1659-61 दिनांकः 01/6/2026

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलगुरु महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
2. वित्त नियंत्रक महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
3. प्रभारी वेबसाइट को एसपीपीपी पोर्टल पर अपलोड कराने हेतु प्रेषित है।

कुलसचिव
जरारासंविवि, जयपुर।

D://STORE/Official Letter

RajKaj Ref No.:
22533813

Signed by: Gunjan Soni, Registrar
Date: 2026-06-01 15:03:56 +05:30
v-1.0

जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
Helpline No.:-(+91)-
मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026
वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई–मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्सः 0141-2850551–75

क्रमांकः प.(2249)/जरारासंविवि/सामान्य प्रशासन/26/ दिनांकः– / /2026

**सहायक अभियन्ता की शैक्षणिक योग्यताऐं:–**

1. किसी यू.जी.सी. मान्यता प्राप्त (राजकीय/अराजकीय) विश्वविद्यालय से इन्जिनियरिंग में उपाधि उत्तीर्ण होने के साथ ही किसी राजकीय समकक्ष पद से सेवानिवृत्त होना अनिवार्य है।
2. राजकीय/अराजकीय संस्था अथवा किसी यू.जी.सी. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में कार्य करने का कम से कम दस वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
3. कम्प्यूटर का जानकार होने के साथ–साथ संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी टंकण कार्य एवं यूनिकोड फोन्ट पर कार्य करने का उत्तम ज्ञान अपेक्षित है।

**विश्वविद्यालय परिसर हेतु सहायक अभियन्ता के रूप के कार्य व शर्तें**

1. विश्वविद्यालय के सभी कार्य दिवसों में विश्वविद्यालय में निर्धारित समय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।
2. माह में 01 दिन का आकस्मिक अवकाश देय/स्वीकृति होगा। अनुपस्थित दिनों हेतु मानदेय में से समानुपातिक रूप से प्रति दिन की दर से कटौती की जावेगी।
3. विश्वविद्यालय द्वारा अशैक्षणिक स्टाफ के लिए घोषित राजकीय अवकाश देय होगें।
4. विश्वविद्यालय परिनियम/अधिनियम/आदेशों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।
5. विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारियों एवं माननीय कुलगुरु द्वारा प्रदत्त आदेश/निर्देशों की पालना करना होगा।
6. सेवायें पूर्णतया अस्थायी होगी तथा इस हेतु किसी भी न्यायालय में वाद प्रस्तुत नहीं करेंगे।
7. विश्वविद्यालय में सहायक अभियन्ता के पद पर स्थाई/प्रतिनियुक्ति पद पर नियुक्ति होने पर सेवायें स्वतः समाप्त मानी जावेगी।
8. कार्य सन्तोषप्रद नहीं होने पर माननीय कुलगुरु की अभिशंषा पर सेवायें स्वतः समाप्त कर दी जायेंगी।
9. सेवायें न्यूनतम एक माह के नोटिस एवं एक माह के मानदेय जमा कराने पर समाप्त करने पर विचार किया जा सकेगा।
10. अन्य उक्त भत्ते के अलावा किसी प्रकार के अन्य लाभ/भत्ते की मांग नहीं करेंगें।
11. विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण परिसर की देखरेख, पुराने भवनों की मरम्मत एवं नवीन निर्माण कार्यों के तकमीने बीएसआर दरों पर तैयार करने की व्यवस्था एवं समन्वय करना।
12. विश्वविद्यालय के सम्पूर्ण परिसर हेतु तकनीकी एंव मरम्मत कार्यों तथा नवीन निर्माण कार्यों हेतु आने वाले सभी प्रकार के पत्रों, पत्रिवलियों का संधारण कर उन्हें निस्तारित करवाना।
13. विश्वविद्यालय के कुलगुरु, कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक महोदय द्वारा बताये गये सभी कार्यों की पूर्ण गोपनीयता बनाना, कार्य को समय पर सम्पादित करना।
14. राज्य सरकार के विभिन्न विभागों से किए जाने वाले पत्राचार को सुरक्षित रूप से सम्पादित करना।
15. उक्त अनुबन्ध दो वर्ष की अवधि हेतु सहायक अभियन्ता व कुलसचिव के मध्य उक्त वर्णित शर्तों के अनुसार सम्पादित किया जाएगा।
16. सहायक अभियन्ता व विश्वविद्यालय के मध्य पारस्परिक सहमति से अनुबन्ध की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी।
17. प्राप्त निविदा को स्वीकार करने के लिए विश्वविद्यालय बाध्य नहीं है। विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने, और प्रक्रिया को रद्द करने तथा संविदा के अधिनिर्णय से पूर्व किसी भी समय अस्वीकार करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।
18. सहायक अभियन्ता को निर्धारित प्रतिमाह देय राशि मानदेय का दस प्रतिशत नियमानुसार टी.डी.एस. की कटौती कर विश्वविद्यालय द्वारा भुगतान किया जावेगा।

कुलसचिव
जरारासंविवि, जयपुर

D://STORE/Official Letter



RajKaj Ref No.:
22533813

Signed by: Gunjan Soni, Registrar
Date: 2026-06-01 15:03:56 +05:30
v-1.0

Helpline No.:-(+91)-

# जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय

मदाऊ, भांकरोटा–मुहाना लिंक रोड़, जयपुर (राज.) - 302026

वेबसाईट : www.jrrsanskrituniversity.ac.in ई-मेल - jrrsu@yahoo.com टेलीफैक्स: 0141-2850551-75

क्रमांकः प.(2249)/जरारासंविवि/सामान्य प्रशासन/26/ दिनांकः– / /2026

श्री महेन्द्र सिंह कटारा,
परियोजना अभियन्ता (वरिष्ठ), राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर
बी–2 सी, सुमेर नगर विस्तार,
न्यू सांगानेर रोड़, मानसरोवर, जयपुर
मोबाइल नम्बर–9982683035

**विषयः–** **विभिन्न निर्माण/तकनीकी कार्यों एवं परिसर की देखरेख, रिपेयर मेन्टीनेन्स इत्यादि कार्यों के सफल संचालन हेतु एकल स्त्रोत के माध्यम से किसी सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता से विश्वविद्यालय के लिए तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में सेवाएँ दो वर्ष के लिए जाने हेतु।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के सम्पूर्ण परिसर में विभिन्न निर्माण/तकनीकी कार्यों एवं परिसर की देखरेख, रिपेयर मेन्टीनेन्स इत्यादि कार्यालय कार्यों को समय पर पूर्ण कराने हेतु योग्य सहायक अभियन्ता (तकनीकी विशेषज्ञ) के रूप में रखे जाने की आवश्यकता है।

उक्त सेवाऐं आर.टी.पी.पी. नियम 2013 के नियम–17 के प्रावधानानुसार एक स्त्रोत उपापन पद्धति के माध्यम से ली जानी हैं। कृपया इस हेतु अपना प्रस्ताव निर्धारित अर्हताओं और वित्तीय अपेक्षाओं के साथ दिनांक 02 जून, 2026 को सांय 05:00 बजे तक भिजवाये जाने का श्रम करें।

**संलग्नः–सहायक अभियन्ता (तकनीकी विशेषज्ञ) की योग्यता, कार्य व शर्तें।**

कुलसचिव
जरारासंविवि, जयपुर।

क्रमांकः प.(2249)/जरारासंविवि/सामान्य प्रशासन/26/1656-57 दिनांकः–01/6 /2026

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. निजी सचिव, माननीय कुलगुरु महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
2. वित्त नियंत्रक महोदय, जरारासंविवि, जयपुर।
3. **प्रभारी वेबसाइट को प्रति प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना एसपीपीपी पोर्टल पर दिनांक ..................... तक अपलोड कराने हेतु प्रेषित है।**
4. कार्यालय पत्रावली।

कुलसचिव
जरारासंविवि, जयपुर।

D://STORE/Official Letter



RajKaj Ref No.:
22533813

Signed by: Gunjan Soni, Registrar
Date: 2026-06-01 15:03:56 +05:30

v-1.0